दिनांक 23 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य में लापरवाही पर आयुक्त एसके सुंदरानी ने निगम कर्मचारी को किया सस्पेंड

भिलाईनगर/आयुक्त एसके सुंदरानी ने सहायक ग्रेड 2 के एक कर्मचारी को राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य में लापरवाही बरतने एवं फार्म नहीं लेने आदि की शिकायत प्राप्त होने पर निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया है!

आदेश में उल्लेखित अनुसार कलेक्टर कार्यालय दुर्ग के आदेश के तहत नगर पालिक निगम भिलाई में राशन कार्ड नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 जुलाई 2019 से प्रारंभ किया गया है जिसमें जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06 में श्री रिचर्ड वर्गिस समय पाल/कार्य सहायक ग्रेड 2 की ड्यूटी लगाई गई है किंतु स्थल पंचनामा अनुसार श्री रिचर्ड वर्गिस सहायक ग्रेड 2 राशन कार्ड नवनीकरण कार्य हेतु सत्यापन दल के साथ समय पर शिविर में उपस्थित नहीं हो रहे हैं एवं फार्म जमा नहीं लेने की भी शिकायत प्राप्त हुई है!

जनसम्पर्क अधिकारी

आज बचाएं जल

आने वाला बेहतर होगा कल!